तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 सितंबर 2026

08 प्रभारी प्राचार्य मांडवी व शिक्षिका नेहा उपाध्याय...



10 लाइवलीहुड और आईटीआई कॉलेज ...



खबर संक्षेप

परसाडीह सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त



बगबुड़ा। ग्राम पंचायत परसाडीह के सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान के बाद ध्वस्त हो गया। प्रस्ताव पारित होने के लिए आवश्यक बहुमत नहीं मिलने के कारण अविश्वास प्रस्ताव असफल रहा। प्रस्ताव को लेकर पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में पंचों की उपस्थिति में प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। मतदान के परिणाम के बाद संबंधित सरपंच पद पर बने रहे। अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंचायत में स्थिति पूर्ववत हो गई। मामले में पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत में 10 पंच और 1 सरपंच करके कुल 11 वोट है, जिसमें सरपंच के विरुद्ध 8 वोट और पक्ष में 3 वोट पड़े इस तरह सरपंच अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रही। इस मौके पर ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

जिले में 23 से 25 सितंबर तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

बलौदाबाजार। सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान अंतर्गत 23 से 25 सितम्बर तक जिले मे विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत सेवा एवं स्वच्छता अंतर्गत लोगों से वस्त्र दान कराकर जरूरतमंदो को वितरित किया जाएगा। इसके साथ है। पॉलिटेक्निक,आईटीआई मे कौशल ज्ञान दान, विद्या दान एवं शिक्षा सहयोग, हरित छत्तीसगढ़ अंतर्गत 20000 पौधारोपण, सामाजिक सुरक्षा एवं जागरूकता अंतर्गत बिहान सामूह के द्वारा उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। स्वच्छता के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के साथ - साथ नगरीय निकयों मे भीं जनसहभागिता के साथ साफ-सफाई किया जाएगा।

राज्य स्तरीय संस्कृति सम्मानः 5 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार। संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2026 के लिए राज्य शासन द्वारा स्थापित विभिन्न सम्मानों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इस वर्ष संस्कृति विभाग द्वारा कुल 13 सम्मान प्रदान किए जाएंगे, जिनमें 12 राज्य स्तरीय सम्मान एवं 1 राष्ट्रीय अलंकरण शामिल है। सम्मान के लिए 5 अक्टूबर 2026 तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। इन सम्मानों के माध्यम से हिन्दी एवं क्षेत्रीय साहित्य, शास्त्रीय एवं लोक संगीत, लोक एवं पंथी नृत्य, पंडवानी, लोक नाट्य एवं शिल्प, रंगकर्म तथा हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी सिनेमा सहित विभिन्न कला एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानों में पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान, दाऊ मंदराजी सम्मान, चक्रधर सम्मान, देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार, लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार, हबीब तनवीर सम्मान, लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान, खुमान साव सम्मान, किशोर साहू सम्मान, छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान, किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण, डॉ. तीजन बाई राज्य सम्मान सहित अन्य सम्मान शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था निर्धारित प्रपत्र में अपनी प्रविष्टि 5 अक्टूबर 2026 तक कार्यालय, संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, द्वितीय तल, व्यावसायिक परिसर, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर-492002 में जमा कर सकते हैं।

बेबस बुजुर्ग रातभर पत्नी के शव के पास बैठा रहा, 3 पार्षदों ने दिया कंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

आंखों में आंसू, सामने पत्नी का पार्थिव शरीर और दिल में एक ही सवाल अब अंतिम संस्कार कौन करेगा? खरोरा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 08 में सामने आया यह मार्मिक दृश्य हर किसी को भावुक कर देने वाला था। रायपुर रोड किनारे पेड़ के नीचे झोपड़ी बनाकर मेहनत-मजदूरी से जीवन गुजारने वाले बुजुर्ग दंपत्ति ज्योतिष गेन्ड्रे और गुलाब राम गेन्ड्रे की जिंदगी पर अचानक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दो दिन पूर्व ज्योतिष गेन्ड्रे की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रायपुर स्थित मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रात में एंबुलेंस से शव खरोरा पहुंचा, लेकिन अंतिम संस्कार कराने वाला कोई नहीं था। शारीरिक रूप से असहाय गुलाब राम गेन्ड्रे पूरी रात अपनी पत्नी के पार्थिव शरीर के पास बैठे रहे। परिवार में कोई अन्य सदस्य नहीं होने के कारण वे बेहद असहाय थे। रात से लेकर अगली सुबह करीब 11 बजे तक वे आने-जाने वाले लोगों को उम्मीद भरी और नम आंखों से निहारते रहे। यह घटना केवल एक अंतिम संस्कार की नहीं, बल्कि उस समय मानवता के साथ खड़े होने की है, जब एक असहाय व्यक्ति को सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत थी। खरोरा में इस मानवीय पहल की चर्चा लोगों के बीच भी होती रही। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ▶▶ शेष पेज 08 पर

खरोरा में मानवता की मिसालः जनप्रतिनिधियों ने दिया कंधा, कराया अंतिम संस्कार



किसान की सजगता से पार्षदों तक पहुंची सूचना

अगले दिन गाय-भैंस चराने पहुंचे किसान विजय यादव की नजर इस पूरे घटनाक्रम पर पड़ी। उन्होंने तत्काल अपने पार्षद को सूचना दी। सूचना मिलते ही वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद सुरेंद्र गिलहरे, वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद जयप्रकाश वर्मा और वार्ड क्रमांक 05 के पार्षद शेखर देवांगन तत्काल मौके पर पहुंचे। पार्षदों ने थाना एवं नगर पंचायत को सूचना देकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करवाई और इसके बाद स्वयं मृतका के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी उठाई।

अनदेखी : शासकीय घास जमीन के मुद्दों पर की थी शिकायत

6 माह बाद भी कलेक्टर को दिए आवेदन पर जांच अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला

ग्राम नेवधा में खसरा नंबर 326/23 की 2.040 हेक्टेयर भूमि को लेकर ग्रामीणों की चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि शासकीय एवं घास मद की होने के बावजूद लंबे समय से रिकॉर्ड को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। करीब छह माह पहले जिला कलेक्टर को आवेदन देकर भूमि की जांच कर उसे शासकीय मद में दर्ज करने तथा गांव के निस्तारी प्रयोजन के लिए सुरक्षित रखने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक मामले में जांच आगे नहीं बढ़ने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि समय रहते भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो कहीं इसे निजी भूमि बताकर भू-माफिया या दलालों के माध्यम से बिक्री न कर दी जाए। ग्रामीणों की मांग है कि खसरा नंबर 326/23 की भूमि की नियमानुसार जांच कर इसे घास भूमि अथवा शासकीय मद में दर्ज किया जाए, ताकि इसका उपयोग गांव के निस्तारी कार्यों के लिए किया जा सके। इस पूरे मामले में विवेक अग्रवाल का कहना है कि उनके द्वारा उक्त खसरा नंबर की भूमि का एक टुकड़ा खरीदा गया था। बाद में जब भूमि के डायवर्सन की प्रक्रिया शुरू की गई तो अनुभागीय कार्यालय से जानकारी मिली कि उक्त भूमि शासकीय है। उन्हें भूमि की रजिस्ट्री कराने, डायवर्सन कराने अथवा उसे निजी संपत्ति के रूप में दर्ज कराने से संबंधित स्थिति की जानकारी इसी प्रक्रिया के दौरान हुई। बताया जा रहा है कि उक्त जमीन फौजी का है जिसे शासन के द्वारा प्राप्त शासकीय पट्टा पर दिया गया है जिसकी विक्रय की गई है शासकीय भूमि है जिसे शासन द्वारा दिया गया है। फौजी को उनके जीवकोपार्जन के लिए दिया गया है । जो अहस्तांतरणीय होता है। विशेष परिस्थिति में जिलाधीश के अनुमति के पश्चात ही उसे क्रय विक्रय किया जा सकता है किंतु इस पर किसी भी प्रकार की कोई अनुमति नहीं ली गई है आज भी उक्त खसरा नंबर को मिसल में शासन से प्राप्त एवं शासकीय भूमि ▶▶ शेष पेज 08 पर



पता चलते ही नाम विलोपित कराने दिया आवेदन

विवेक अग्रवाल के अनुसार, जानकारी मिलने के बाद उन्होंने अपनी ओर से उक्त रजिस्ट्री को शून्य घोषित कराने, रिकॉर्ड से अपना नाम विलोपित करने तथा भूमि को पुनः शासकीय मद अथवा घास भूमि के रूप में दर्ज कराने के लिए करीब तीन वर्ष पहले तहसीलदार कार्यालय में आवेदन दिया था। उनका कहना है कि लंबे समय बाद भी उस आवेदन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने मई माह में पुनः आवेदन प्रस्तुत कर भूमि को शासकीय रिकॉर्ड में वापस दर्ज करने तथा अपना नाम रिकॉर्ड से हटाने की मांग की है। विवेक अग्रवाल ने कहा कि आमतौर पर शासकीय अथवा घास भूमि पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण की शिकायतें सामने आती रहती हैं, लेकिन उनके मामले में जैसे ही उन्हें भूमि की शासकीय प्रकृति की जानकारी मिली, उन्होंने स्वयं अपना नाम रिकॉर्ड से हटाकर भूमि को शासकीय मद में वापस दर्ज कराने के लिए आवेदन किया। उनका कहना है कि इसके बावजूद उन्हें अब तक तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

लुटेरों का गिरोह फूटा, एक अपचारी समेत, 7 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार सरसींवा

सरसींवा पुलिस ने रात के समय सुनसान सड़क पर ट्रक रोककर चालक व उसके साथी के साथ मारपीट और लूटपाट करने वाले एक अंतरप्रांतीय/स्थानीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 बालिग आरोपियों सहित 1 विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त 4 मोटरसाइकिलें, लूटा गया मोबाइल फोन, गैस चूल्हा और कोलड्रिंक की पेटियां बरामद कर ली गई हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी राजशांति प्रकाश ▶▶ शेष पेज 08 पर

पुलिस ने बिछाया जाल

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सरसींवा में अपराध क्रमांक 246/2026, धारा 310(2), 126(2), 324(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाकर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। संदिग्धों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने दूसरे राज्य के नंबर वाली गाड़ी को निशाना बनाकर लूट की योजना बनाई थी।

गिरफ्तार आरोपी और उनका आपराधिक रिकॉर्ड

पकड़े गए आरोपियों में यशस्वी साहू उर्फ बंटी साहू (19), यशवंत साहू उर्फ सोनू साहू (21), देवेन्द्र साहू उर्फ नानु (20), पुष्पेन्द्र चौहान (18 वर्ष 9 माह), शशांक रात्रे उर्फ राजा रात्रे (21), छोटेलाल साहू (21) और मुकेश कुर्रे (21) (सभी निवासी क्षेत्र के) शामिल हैं। इनके साथ 1 नाबालिग को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से कई के खिलाफ पूर्व से सरसींवा एवं भटगांव थानों में विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं। सभी बालिग आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है तथा बाल अपचारी के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई है।

बदमाशों की शिकायत पर प्रभारी प्राचार्या को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले के पंडित चक्रपाणि शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का स्कूल में विवाद के बाद शिक्षा विभाग ने प्रभारी प्राचार्या वंदनी श्रीवास्तव को पद से हटा दिया गया है।



वहीं इसी घटनाक्रम के बीच प्राचार्या ने सिटी कोतवाली में हिस्ट्रीशीटर आशीष शुक्ला समेत चार लोगों के खिलाफ गंभीर शिकायत देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। 17 सितंबर को स्कूल में विवाद के दौरान प्राचार्या के कार्यालय में बाहरी लोगों के प्रवेश, वीडियो बनाने और नारेबाजी को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद प्राचार्या ने ▶▶ शेष पेज 08 पर

अपंजीकृत छात्र को छात्रावास में रखा, प्रभारी अधीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छात्रावास का पंजीकृत छात्र न होने के बावजूद उसे बिना रिकॉर्ड अवैध रूप से रखने और फिर बिना पालकों की सहमति के छात्र के लापता हो जाने के मामले को जिला प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। कर्तव्य में घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास, अर्जुनी के प्रभारी अधीक्षक लवकेश निराला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्राम लिमाही निवासी कुलेश्वर प्रसाद ध्रुव ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, 15 वर्षीय छात्र देवव्रत ध्रुव (पिता स्व. दौलत राम ध्रुव) 29 जुलाई को अर्जुनी छात्रावास से छुट्टी का आवेदन देकर निकला था, लेकिन वह न तो अपने घर पहुंचा और न ही छात्रावास लौटा। शिकायत मिलते ही सहायक आयुक्त ने जांच समिति का गठन किया। जांच समिति के प्रतिवेदन में छात्र के छात्रावास से जाने संबंधी कोई आधिकारिक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं पाया गया। साथ ही यह तथ्य सामने आया कि छात्रावास स्टाफ ने छात्र की उसकी माताजी से फोन पर बात कराई थी, किंतु माताजी ने छात्र को छात्रावास से भेजने की कोई अनुमति नहीं दी थी।

- गैर-पंजीकृत छात्र को छात्रावास में रखने और लापता होने पर कार्रवाई



निलंबन काल में बीईओ कार्यालय कसडोल रहेगा मुख्यालय

अवैध रूप से गैर-पंजीकृत छात्र को अपनी अभिरक्षा में रखने और बिना पालकों की अनुमति के उसके लापता होने को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत माना गया। कलेक्टर के निर्देश पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत लवकेश निराला को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल नियत किया गया है, जहां उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

दिया असंतोष जनक जवाब

जांच रिपोर्ट के आधार पर सहायक आयुक्त द्वारा प्रभारी अधीक्षक लवकेश निराला को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस के जवाब में अधीक्षक ने तर्क दिया कि देवव्रत ध्रुव पंजीकृत छात्र नहीं था, बल्कि उसकी परिस्थितियों को देखते हुए 'मानवता के आधार पर' उसे बिना पंजीयन के रहने दिया गया था। उन्होंने बताया कि छात्र आवेदन देकर और माताजी से बात करके निकला था। प्रशासन ने इस जवाब को पूरी तरह असंतोषजनक माना।

कोटपा एक्ट का उल्लंघन,10 दुकानों और पान ठेलों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोपालपुर

राज्य शासन, नियंत्रक एवं कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देशानुसार जिले में तंबाकू उत्पादों के उपयोग एवं बिक्री पर नियंत्रण तथा कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों के पालन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने बिलाईगढ़ तहसील के गिरसा एवं गोपालपुर क्षेत्र में संचालित पान ठेलों, गुमटियों, किराना दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट एवं चाय दुकानों का निरीक्षण किया। ▶▶ शेष पेज 08 पर



आज उत्तम तप धर्म की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी

इंद्रिय व विषयों की लगाम हाथ में रखना ही संयम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा में 10 लक्षण पर्युषण महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है प्रातः 7:00 बजे भगवान का मंगल अभिषेक शांति धारा आरती और पूजन संपन्न हो रही है। आज मंगल अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य विनोद मोदी एवं संजय सिलचंद जैन को प्राप्त हुआ।

शांति धारा के पश्चात मंगल आरती,सुरपति ले अपने शीश जगत के ईस गए गिरी राजा, संपन्न हुई

सभी भक्तों ने खूब उत्साह के साथ भक्ति के साथ मंगल आरती की आरती के पश्चात देव शास्त्र गुरु पूजन, शीतल नाथ भगवान की पूजन, सोलह कारण पूजन, दसलक्षण पूजन एवं सुगंध दशमी पूजन संपन्न कर, महा अर्ध समर्पित किया गया।गुरुदेव कहते हैं जो एक बार खाए वह योगी ,जो दो बार खाए वह भोगी, जो तीन बार खाए वह रोगी और जो बार-बार खाए उसकी क्या दशा होगी। अंत में मां जिनवाणी की स्तुति अभिषेक मोदी के द्वारा की गई। रात्रि में देव शास्त्र गुरु की मंगल आरती संपन्न हुई। 22 सितंबर को उत्तम तप धर्म की पूजा संपन्न होगी।



संयम से रहित व्यक्ति किसी भी गति में जा सकता है

सुमन लता मोदी ने प्रवचन में कहा धर्म का छठवां लक्षण है उत्तम संयम,संयम का सीधा सा अर्थ है दौड़ते हुए इंद्रिय विषयों की लगाम अपने हाथ में रखना। अनादि काल से भटकते हुए आज यह दुर्लभ मनुष्य जन्म और जैन शासन मिला है, तो अब अपना कर्तव्य है कि संयम को धारण कर अपना कल्याण कर लें। जिस प्रकार प्रमाद से चिंतामनी रत्न समुद्र में गिर जाए तो उसका प्राप्त होना दुर्लभ है, उसी प्रकार यह मनुष्य पर्याय और मोक्ष मार्ग को बताने वाला जैन धर्म मिलना दुर्लभ है। संयम सद्गति प्राप्त करने का प्रमुख साधन है। हमें नियम संयम का पालन सम्यक प्रकार से करना चाहिए। हमें अपने मन व इंद्रियों को अपने नियंत्रण में रखना चाहिए। संयम से रहित व्यक्ति किसी भी गति में जा सकता है। कर्म के वेग को सहने की क्षमता असंयमी के पास नहीं होती।

बलौदाबाजार-भाटापारा के 3 आदतन बदमाश जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार







जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा आदतन अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के प्रतिवेदन के आधार पर जिला दंडाधिकारी न्यायालय ने 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 के तहत तीन आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए। पुलिस के अनुसार संतोष थवाईत पिता स्व. फिरत थवाईत, निवासी कटगी, थाना कसडोल के खिलाफ वर्ष 1992 से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने का रिकॉर्ड है। उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध शराब बिक्री, रासुका और आर्म्स एक्ट सहित 14 आपराधिक प्रकरण तथा 18 प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयां दर्ज हैं। उसे पूर्व में गुंडा सूची में भी शामिल किया जा चुका है।इसी प्रकार भागवत थवाईत पिता संतोष थवाईत, निवासी कटगी के खिलाफ वर्ष 2014 से अपराधों में सक्रिय रहने का उल्लेख पुलिस ने किया है। ▶▶ शेष पेज 08 पर

खबर संक्षेप





नहरडीह में देवी जस झांकी का, श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

खरोरा। जय महामाया गणेशोत्सव समिति ग्राम नहरडीह द्वारा देवी जस झांकी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम नहरडीह में दिनांक 20 सितंबर को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गणेश जी के वंदना से प्रारम्भ किया तथा महिसासुर वध, तारका सुर वध आदि अनेक झांकिया प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत नहरडीह के सरपंच श्री अनिल सायतोड़े जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पूरण लाल साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि गजेन्द्र साहू, जय माँ अम्बे सेवा समिति के अध्यक्ष मोहित राम साहू, ग्राम विकास समिति सचिव ओमप्रकाश साहू, पंचगण पुनाराम मारकंडे, दाऊलाल साहू, नरेन्द्र साहू, कार्तिक नायक, संतराम यादव, ग्रामीण पुरुषोत्तम साहू, शंकर (गोविन्द) साहू तथा झांकी कार्यकर्ता तिलक यादव, देवेन्द्र साहू, देवकुमार साहू, दिनेश साहू, मोहित देवांगन, ललित साहू, सोनू साहू आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भक्तिमय देवी जस गीतों पर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजक समिति द्वारा सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया। यह जानकारी शंकर साहू द्वारा दिया गया।

जोरातराई (अं) में डीजे डांस स्पर्धा कल

अंवरी। नवयुवक गणेश उत्सव समिति जोरातराई (अं) के तत्वावधान में राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 23 सितंबर को रखा गया है। सामूहिक में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 व तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये रखा गया है।

पचरी संकुल में त्रैमासिक परीक्षा का आगाज: पहली से आठवीं तक के छात्र दे रहे पर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार रायपुर जिले में कक्षा पहली से आठवीं तक की त्रैमासिक परीक्षा 21 सितंबर से प्रारंभ हो गई है, जो 26 सितंबर तक चलेगी। इसी क्रम में पचरी संकुल के अंतर्गत संचालित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में भी निर्धारित समय-सारणी के अनुसार त्रैमासिक परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा को लेकर विद्यालयों में आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा विद्यार्थियों के लिए शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में परीक्षा आयोजित की जा रही है। पचरी संकुल के प्राचार्य अशोक कुमार कोशले ने कहा कि त्रैमासिक परीक्षा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के आकलन का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे उनकी उपलब्धियों एवं सीखने में आने वाली कठिनाइयों को चिन्हित कर आगे की शिक्षण योजना तैयार करने में सहायता मिलती है। संकुल समन्वयक कांत कुमार ने कहा कि संकुल के सभी विद्यालयों में परीक्षा का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया गया है तथा विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि परीक्षा विद्यार्थियों की अब तक की शैक्षणिक उपलब्धियों को जानने का अवसर है और इसके परिणामों के आधार पर आवश्यकतानुसार विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग दिया जाएगा। शासकीय प्राथमिक शाला छड़िया की प्रधान पाठक शांता पठारे ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर परीक्षा बच्चों में नियमित अध्ययन एवं आत्मविश्वास विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलेसुर के प्रधान पाठक युधिष्ठिर बुड़ेक ने कहा कि परीक्षा के दौरान अनुशासन, समयबद्धता और शांतिपूर्ण वातावरण का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

26 सितंबर तक चलेगी परीक्षा



शिक्षकों और प्रधान पाठकों ने जताया विश्वास

शासकीय प्राथमिक शाला मधईपुर के प्रधान पाठक गणेश राम देवांगन ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति भयमुक्त बनाने के लिए शिक्षकों द्वारा लगातार मार्गदर्शन दिया जा रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला नहरडीह की प्रधान पाठक सरिता वर्मा ने कहा कि नियमित उपस्थिति और निरंतर अभ्यास बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है तथा परीक्षा से उनकी सीखने की स्थिति को समझने में मदद मिलेगी। शासकीय प्राथमिक शाला आलेसुर के प्रधान पाठक परसराम देवांगन ने कहा कि परीक्षा विद्यार्थियों को अपनी तैयारी परखने और अपनी कमियों को समझने का अवसर देती है। शासकीय प्राथमिक शाला पचरी के प्रधान पाठक गिरवर प्रसाद सोनी ने कहा कि नियमित मूल्यांकन से विद्यार्थियों की उपलब्धियों और सीखने की कठिनाइयों की पहचान कर उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सहयोग दिया जा सकता है। पचरी संकुल के सभी विद्यालयों में 21 से 26 सितंबर तक चलने वाली इस त्रैमासिक परीक्षा को लेकर शिक्षकों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

खेल प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाया उत्साह, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

मातृशक्ति परिवार, समाज और देश की आधारशिला : विधायक इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर साहू समाज के तत्वावधान में साहू छात्रावास भवन में तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की सैकड़ों मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। तीज महोत्सव के अवसर पर विभिन्न मनोरंजक एवं पारंपरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बिंदी लगाओ, फुगड़ी, नींबू कप, कप-गिलास, मटका फोड़, गेड़ी दौड़, जलेबी दौड़ एवं कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के विजेताओ में बिंदी लगाओ में यामिनी साहू, फुगड़ी प्रतियोगिता में रमा साहू, नींबू कप प्रतियोगिता में उर्वशी साहू, कप-गिलास प्रतियोगिता में गोदावरी साहू, मटका फोड़ प्रतियोगिता में नीता साहू, गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में दुर्गा साहू, जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में लिपिका साहू, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में पेमिन साहू,बच्चो के कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में सृष्टि साहू ने प्रथम इनाम प्राप्त किया।

सामूहिक सहभागिता से सफल हुआ आयोजन। नगर साहू समाज भाटापारा के अध्यक्ष राजेश साहू की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव जीत नारायण साव, संगठन सचिव तिलक साहू, प्रमिला साहू, उपाध्यक्ष नीरादेवी साहू, मनहरण साहू, कोषाध्यक्ष डॉ. हरिकिशन साहू, छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, अजय साहू, लुकू साहू, रवि साहू, अमृत साहू, योगेंद्र साहू, डॉ. मेघराज साहू, सुरेश साहू, निकेश साहू, यशवंत साहू एवं लिकेश साहू सहित समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। मातृशक्तियों में संध्या साहू पार्षद, सरस्वती साहू, कल्याणी साहू, हिरमतबाई साहू, लता देवी साव, कमला साहू, द्रोपती साहू, पेमिन साहू, राधाबाई साहू, कामना साहू, यामिनी साहू सहित अनेक महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन पेमिन साहू एवं जीत नारायण साव ने किया तथा आभार प्रदर्शन तिलक साहू ने किया। तीज महोत्सव में साहू समाज की सैकड़ों महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने पूरे आयोजन को उल्लास, उमंग और सामाजिक एकता से सराबोर कर दिया।



सामाजिक पदाधिकारियों की रही सराहनीय भूमिका

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्द्र साव, विधायक भाटापारा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही उपस्थित सभी मातृशक्तियों को साड़ी भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना की। अपने उद्बोधन में विधायक इन्द्र साव ने कहा कि मातृशक्तियां केवल परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाली शक्ति नहीं हैं, बल्कि परिवार, समाज और देश के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। तीज उत्सव नारी शक्ति के प्रेम, समर्पण और हमारी समृद्ध लोक-संस्कृति का उत्सव है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

प्रभारी प्राचार्य मांडवी व शिक्षिका नेहा उपाध्याय को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

हाई स्कूल चरौदा में प्रभारी प्राचार्य कविता मांडवी एवं शिक्षिका नेहा उपाध्याय स्काउट गाइड के स्थानांतरण पर विदाई एवं सह शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विदाई की घड़ी में विद्यालय का माहौल भावुक हो उठा। जिन शिक्षकों के साथ विद्यार्थी रोज सीखते और आगे बढ़ते रहे, उन्हें विदा करते समय बच्चों के चेहरों पर खुशी के साथ बिछड़ने की उदासी भी नजर आई।

कार्यक्रम में जनपद सभापति नीलिमा चरणदास कोशले, सरपंच लकेश्वरी लोकनाथ जायसवाल, ग्राम पटेल बृजलाल साहू, विजय ध्रुव, उपसरपंच मिथलेश जायसवाल एवं प्रभारी प्राचार्य नीलकंठ पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने कविता मांडवी एवं नेहा उपाध्याय के कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा नए कार्यस्थल के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में विद्यालय के शिक्षक मंडले सर, कुंती यादव मैडम, भुनेश्वर ध्रुव, मंत्राम सागर, जलसेद सर, विकास वर्मा, दिनेश एवं मंजू जायसवाल सहित विद्यालय की सफाई कर्मचारी कविता देवांगन की उपस्थित रहीं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बालिकाओं की मनमोहक प्रस्तुति ने जीता दिल

विदाई समारोह में विद्यालय की बालिकाओं ने सुंदर एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। एक के बाद एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। बालिकाओं की शानदार प्रस्तुति ने जहां अतिथियों और शिक्षकों का मन मोह लिया, वहीं विदाई के भावुक माहौल में इन प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया।

कसडोल के दो शिक्षक सम्मानित

कसडोल। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान अंजोर भारत द्वारा आयोजित स्व. श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह एवं प्रारंभ संगोष्ठी का गरिमामयी आयोजन 19 सितंबर 2026 को रायगढ़ नगर निगम के कैथेड्रलियम में किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं शिक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में विकासखंड कसडोल से गौतम कुमार भारती व्याख्याता, शासकीय हाई स्कूल बरेली



तथा रमाशंकर साहू शिक्षक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राजादेवरी को राष्ट्रीय स्तर पर नामांकित 200 शिक्षकों में शामिल करते हुए सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षकों के शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों और नवाचारपूर्ण प्रयासों को समारोह में सार्वजनिक रूप से मान्यता प्रदान की गई। समारोह के मुख्य अतिथि श्री जगन्नाथ पाणिग्रही, स्वतंत्र निदेशक, बीबीजे अमेरिका कंपनी एवं भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संजय अग्रवाल, शिक्षाविद् एवं संस्थापक, फाइन स्टील रायगढ़ ने की। इस अवसर पर शिक्षाविद् श्री गुणनिधि सतपथी तथा मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. पूर्णानंद मिश्र, अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सुहेला-तिगडड़ा के तीनों मार्गों पर बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

सुहेला क्षेत्र के सड़क विकास को लेकर बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री के सुहेला आगमन के दौरान सार्वजनिक मंच से की गई घोषणा के बाद सुहेला चौक से तिगडड़ा चौराहे की ओर जाने वाले तीनों मार्गों पर लगभग 3.60 किलोमीटर लंबाई में डिवाइडरयुक्त एवं लाइटयुक्त सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने 23 करोड़ 11 लाख 63 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्य सड़क डिवाइडर युक्त लगभग 22 मीटर चौड़ी होगी जो दोनों ओर से लगभग 11-11 मीटर होगी जहां नाली वह पाथवे का भी निर्माण किया जाएगा। बताया गया कि मुख्यमंत्री के सुहेला आगमन के दौरान मंत्री टंकराम वर्मा की मांग पर उक्त सड़क निर्माण कार्य की घोषणा की गई थी।

- 23.11 करोड़ रुपए स्वीकृत
- मुख्यमंत्री की सुहेला में की गई घोषणा के बाद मिली मंजूरी

अब शासन स्तर से प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा को बधाई दी है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि निविदा प्रक्रिया जल्द पूरी होने के बाद निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा।

सेवा संकल्प अभियान : 65 दिव्यांगजन सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर भवन भाटापारा में निःशुल्क दिव्यांगजन सहायक उपकरण मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने 27 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, कैलिपर्स, स्प्लिंट ऑन द स्पॉट चिन्हांकित किए दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण वितरित किये। शिविर मे सहायक उपकरणों हेतु मोट्राइज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, व्हील चेयर आदि के लिए प्रदाय किये जाने के लिए चिन्हांकन एवं मुल्याकंन भी किया गया। जिसमें कुल 100 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 65 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने के लिए पंजीयन किया गया। सभी दिव्यांगजनों के लिए आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, चिकित्सा सूविधा एवं अन्य सुविधा एक ही जगह एक ही शिविर में एक साथ प्रदान की गई। शिविर में कृत्रिम अंग, कैलिपर्स, स्प्लिंट ऑन द स्पॉट चिन्हांकित किए दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण वितरित करने के उपरांत एम्बुलेंस से उनके निवास पहुंचाया गया। इस एम्बुलेंस को जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, जिला अध्यक्ष, आनंद यादव, सभापति जिला पंचायत राजा जायसवाल,राकेश तिवारी, योगेश अनन्त, पवन शर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष संकेत अग्रवाल,एसडीएम श्यामा पटेल, उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा, मापन के लिए एलिमको टीम उपस्थित रहें।



पेज 7 के शेष

बेबस बुजुर्ग रातभर...

लाली डबरी स्थित मुक्तिधाम में मृतका ज्योतिष गेन्ड्रे का अंतिम संस्कार कराया गया। जनप्रतिनिधियों ने स्वयं आगे बढ़कर अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाई। पत्नी को खो चुके गुलाब राम गेन्ड्रे इस दौरान फूट-फूटकर रो पड़े। उन्होंने तीनों पार्षदों को भावुक होकर धन्यवाद दिया और आशीर्वाद दिया।

6 माह बाद...

दिखाया जा रहा है। इस संबंध में तहसीलदार सिमगा गोवर्धन भट्ट ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में पटवारी को नोटिस जारी कर प्रतिवेदन मांगा गया है। पटवारी का प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। नेवधा के ग्रामीणों का कहना है कि जब तक भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार के निजी लेन-देन पर रोक और रिकॉर्ड की जांच आवश्यक है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की शीघ्र जांच कर खसरा नंबर 326/23 की भूमि को शासकीय/घास मद में दर्ज करने तथा गांव के निस्तारी उपयोग के लिए सुरक्षित करने की मांग दोहराई है।

लूटपाट करने वाले...

बिके अपने भाई के साथ ट्रक (क्रमांक एमएच 33 टी 7010) में ओडिशा के बरगढ़ से कोलड्रिंक लोड कर बिलासपुर जा रहे थे। 18 सितंबर 2026 की रात करीब 2:30 बजे गाताडीह शासकीय अस्पताल के सामने 4 मोटरसाइकिलों पर सवार युवकों ने अचानक ट्रक के सामने आकर उसे रुकवा लिया। आरोपियों ने पत्थर मारकर ट्रक का कांच तोड़ दिया और चालक व उसके साथी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद वे मोबाइल, गैस चूल्हा और कोलड्रिंक की पेटियां लूटकर फरार हो गए।

प्रभारी प्राचार्या को ...

पुलिस को दिए आवेदन में आशीष शुक्ला, आनंद वाकडे, दीपेंद्र शुक्ला और चंद्रकांत वर्मा पर बिना अनुमति कार्यालय में प्रवेश करने, वीडियो बनाने, अभद्रता करने, मानसिक प्रताड़ना तथा शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप लगाए हैं। प्राचार्या का कहना है कि कार्यालय में नाबालिग छात्र-छात्राएं मौजूद थे और उनकी निजता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने वीडियो बनाने से मना किया था। शिकायत में यह भी आरोप है कि पूर्व में भी स्कूल परिसर में बिना अनुमति फोटो-वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर सामग्री प्रसारित करने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। शिक्षा विभाग ने विवाद के बाद प्रभारी प्राचार्या को हटाकर वरिष्ठ व्याख्याता निर्मला साहू को विद्यालय का अस्थायी प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रभार सौंपा है। सूत्रों के अनुसार निर्मला साहू ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रभारी प्राचार्या पद ग्रहण करने से मना कर दिया है।

कोटपा एक्ट का...

निरीक्षण के दौरान कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 10 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। संबंधित दुकानदारों से कुल 720 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री, प्रदर्शन एवं उपयोग से संबंधित निर्धारित प्रावधानों का पालन करने तथा नियमों का उल्लंघन नहीं करने की समझाइश भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि कोटपा अधिनियम का उद्देश्य तंबाकू उत्पादों के सेवन और उनके दुष्प्रभावों से लोगों को बचाना तथा सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन एवं इसके प्रचार-प्रसार को नियंत्रित करना है। जिले में अधिनियम के प्रावधानों के पालन को लेकर निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। चालानी कार्रवाई के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की औषधि निरीक्षक श्रीमती नीलिमा, स्वास्थ्य विभाग से श्रीमती सीमा कुशराम एवं आरक्षक श्री पटेल सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बलौदाबाजार-भाटापारा के ...

उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट, आर्म्स एक्ट एवं आबकारी एक्ट से संबंधित नौ आपराधिक प्रकरण तथा पांच प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयां दर्ज हैं।वहीं अशोक अंजान पिता छन्नू अंजान, निवासी करहीबाजार के खिलाफ वर्ष 2018 से मारपीट, अवैध शराब बिक्री एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों में संलिप्तता के मामले सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के पांच, मारपीट का एक तथा राज्य सुरक्षा अधिनियम का एक प्रकरण सहित कुल सात अपराध और आठ प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयां दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार तीनों के खिलाफ पूर्व में भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई, लेकिन उनके आचरण में अपेक्षित सुधार नहीं आया। इसके बाद लोक व्यवस्था एवं जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी न्यायालय ने उन्हें निर्धारित अवधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले एवं समीपस्थ सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया है। पुलिस ने कहा कि अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

हैदराबाद में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की धूम

शिक्षक रामावतार के नेतृत्व में टीम ने जीता सबका दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली के हैदराबाद क्षेत्रीय केंद्र में हमारी सांस्कृतिक विविधता विषय पर आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला (07 से 16 सितंबर) में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपनी लोक संस्कृति का ऐसा रंग बिखेरा कि पूरा प्रेक्षागृह तालियों से गूंज उठा।

छत्तीसगढ़ दल का नेतृत्व और धन्यवाद प्रस्ताव बलौदाबाजार के शिक्षक रामावतार वर्मा ने किया। उनके द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव और मंच संचालन को सीसीआरटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने विशेष रूप से सराहा। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ की आयुक्त किरण कौशल, उप संचालक दिनेश कौशिक, सहायक संचालक मंजुलता साहू, सहायक कार्यक्रम समन्वयक राजेश सोनकर एवं राखी सिन्हा के मार्गदर्शन में प्रदेश से 11 शिक्षकों का दल हैदराबाद पहुंचा था। दल में रामावतार वर्मा बलौदा बाजार सत्या सूर्यवंशी (जांजगीर-चांपा), सोनाली देवांगन, चंद्रकिरण देवांगन, सुशील कुमार चंद्राकर (धमतरी), , राजेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू (बेमेतरा), सुरेंद्र श्रीवास (सक्ती), सुरेखा गोटा (कांकेर), सुनील टोप्पो (सूरजपुर) और लक्ष्मण बोधेकर (कबीरधाम) शामिल रहे।



समापन समारोह बना छत्तीसगढ़ के नाम

समापन दिवस पर जब छत्तीसगढ़ के शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने पारंपरिक परिधान, कोसा-कांस्य के आभूषणों में सुसज्जित होकर मंच पर पहुंचे और लोक धुनों पर प्रस्तुति दी, तो अन्य सभी राज्यों के प्रतिनिधि मंत्रमुग्ध हो गए। **CCRT** की परंपरा के अनुसार सभी प्रतिभागियों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में ही प्रमाण पत्र प्राप्त किया, जो इस सत्र का सबसे यादगार क्षण बन गया।

वर्मा ने दिया भावपूर्ण धन्यवाद प्रस्ताव

श्री वर्मा ने कहा की सर्वप्रथम मैं सीसीआरटी नई दिल्ली एवं हैदराबाद केन्द्र का आभारी हूं, जिन्होंने हमें भारतीय संस्कृति को गहराई से समझने का अमूल्य अवसर दिया। हमारे परामर्शदाता वाई. चंद्रशेखर और क्षेत्रीय अधिकारी कौशिक मैडम के मार्गदर्शन से यह कार्यशाला एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक बन गई। उन्होंने सभी विषय विशेषज्ञों और प्रशासनिक टीम टी. श्रीनिवास बाबू, आई. प्रवीण कुमार व रवि कुमार का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सालारजंग संग्रहालय, गोलकोंडा किला और कुतुबशाही टॉम्ब जैसे विश्व धरोहरों का शैक्षणिक भ्रमण कराकर प्रशिक्षण को सैद्धांतिक से व्यावहारिक बना दिया।

खबर संक्षेप



पौधारोपण ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

खरोरा। स्वामी आत्मानंद विद्यालय अमेरी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शाला प्रांगण में 'आशीर्वाद का दीप' प्रज्वलित कर सेवा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया गया। विद्यालय की प्राचार्य सावित्री वर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षक सुषमा वर्मा, योगेश्वरी वर्मा, आशा किरण धीवर, जानकी साहू सहित समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। अभियान के अंतर्गत ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा एवं विचारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। साथ ही विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। भाषण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सेवा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य सावित्री वर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का सार्थक माध्यम है तथा 'आशीर्वाद का दीप' हमारी परंपरा, संस्कार और आने वाली पीढ़ी के प्रति शुभकामनाओं का प्रतीक है। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

राशन की बचत से अनीता का संवरा कल बचत कर खरीदी बाईक

बलौदाबाजार। कभी अनिता दांडेकर के लिए महीने का राशन जुटाना भी एक चिंता हुआ करता था। घर चलाने के लिए मिलने वाली आमदनी में सबसे पहले दो वक्त के भोजन का इंतजाम करना जरूरी था। ऐसे में मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता



योजना के तहत हर महीने मिलने वाले 35 किलो निःशुल्क चावल ने उनके परिवार की एक बड़ी चिंता दूर कर दी। भाटापारा के गुरुनानक वार्ड में रहने वाली अनीता बताती हैं कि अब हर महीने राशन के लिए अलग से पैसे जुटाने की चिंता नहीं रहती। 35 किलो चावल मिलने से घर के भोजन का एक बड़ा हिस्सा आसानी से पूरा हो जाता है। कोविड के कठिन समय में भी, जब लोगों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट था, तब उन्हें राशन मिलता रहा। उस मुश्किल वक्त में यह मदद उनके परिवार के लिए बहुत बड़ा सहारा बनी। जब पेट की चिंता कुछ कम हुई, तो अनीता के परिवार ने छोटी-छोटी बचत शुरू की। यही बचत धीरे-धीरे इतनी हुई कि परिवार अपने लिए एक मोटरसाइकिल खरीद सका।

साइबर जागृति अभियानः सेल्फी स्टैंड और क्यूआर कोड बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में संचालित प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान के तहत पुलिस द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आम जन को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति सजग किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम छड़िया में एक वृहद साइबर जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम छड़िया के सरपंच प्रिया मोहन बंजारे, शासकीय स्कूल छड़िया के प्राचार्य, स्कूल समन्वयक, महिला कमांडो छड़िया की अध्यक्ष लाखेश्वरी डहरिया, सभी महिला कमांडो सदस्य तथा भारी संख्या में ग्रामीण जन एवं छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। सेल्फी स्टैंड एवं क्यूआर कोड बना विशेष आकर्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम द्वारा स्थापित 'साइबर सुरक्षा सेल्फी स्टैंड' और जागरूकता क्यूआर कोड ग्रामीणों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। ग्राम की महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने सेल्फी स्टैंड पर बढ़-चढ़कर सेल्फी ली और क्यूआर कोड स्कैन कर डिजिटल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां अपने मोबाइल पर प्राप्त कीं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सरपंच, प्राचार्य एवं महिला कमांडो टीम ने थाना पलारी पुलिस टीम की इस पहल की सराहना करते हुए ग्राम में साइबर सुरक्षा का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

ग्राम छड़िया में पुलिस ने लगाया जागरूकता शिविर



शिविर में दी गई मुख्य साइबर सुरक्षा टिप्स

थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को सरल भाषा में साइबर ठगी के नए तरीकों एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में समझाया गया जिसमे किसी भी अज्ञात व्यक्ति को बैंक खाता विवरण, आधार नंबर, यूपीआई पिन या ओटीपी शेयर न करें। बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी या लॉटरी/इनाम के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल और मैसेज के झांसे में न आएं। व्हाट्सएप या एसएमएस पर प्राप्त अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें और न ही कोई संदिग्ध ऐप डाउनलोड करें।अपनी व्यक्तिगत व पारिवारिक जानकारी सोशल मीडिया पर सोच-समझकर ही साझा करें। तथा पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है, तो बिना डरे या छुपाए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या पास के पुलिस थाना/चौकी में जाकर सूचना दर्ज कराएं।


भीषण दुर्घटना में हड्डियां बाहर निकलीं, चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर काटे क्षतिग्रस्त अंग

सड़क हादसों के शिकार हो रहे गौवंश, दो घायल गायों के पैर काटकर अलग करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

शहर और आसपास की सड़कों पर खुले में घूम रहे गौवंशों की सुरक्षा एक बार फिर सवालों के घेरे में है। प्रतिदिन गौवंशो का सड़क दुर्घटना के शिकार होने का खबर सामने आते रहते है। इसी कड़ी में बीते दिनों तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों की चपेट में आने से दो गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि दोनों के पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर हड्डियां बाहर निकल आईं। हालत गंभीर होने पर पशु चिकित्सकों की देखरेख में दोनों का ऑपरेशन करना पड़ा। एक गौवंश का अगला पैर और दूसरे का पिछला पैर काटकर अलग करना पड़ा। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, सड़क दुर्घटना में घायल दोनों गौवंशों के पैरों में गंभीर चोट आई थी। हड्डियां टूटकर बाहर निकल गई थीं और अत्यधिक रक्तस्राव के साथ संक्रमण का खतरा भी बना हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पशु चिकित्सकों को बुलाया गया। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद विशेषज्ञों ने क्षतिग्रस्त अंगों को अलग करना ही दोनों की जान बचाने का एकमात्र विकल्प बताया। इसके बाद चिकित्सकों की देखरेख में आवश्यक सर्जरी की गई।





अब भी नहीं चेते तो बढ़ता रहेगा खतरा

दो गौवंशों के पैर काटने की घटना व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। यदि खुले में घूम रहे पशुओं को सुरक्षित आश्रय देने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और पशुपालकों की जिम्मेदारी तय करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में ऐसे हादसे दोहराए जा सकते हैं। बेजुबानों की सुरक्षा के लिए प्रशासन, नगर पंचायत, पशुपालकों और समाज सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

उपचार के दौरान छलका गौसेवकों का दर्द

बेजुबान पशुओं की इस स्थिति ने उपचार में जुटे समाजसेवियों और गौसेवकों को भी व्यथित कर दिया। उनका कहना है कि किसी पशु को इस तरह की पीड़ा से गुजरते देखना बेहद दुखद है। दुर्घटना के बाद समय पर उपचार मिलने से दोनों गौवंशों की जान तो बच गई, लेकिन उन्हें जीवनभर अपंगता का सामना करना पड़ेगा। वर्तमान में चिकित्सकों की निगरानी में दोनों का उपचार किया जा रहा है और उनके स्वास्थ्य में सुधार के प्रयास जारी हैं।

सड़क पर गौवंश जिम्मेदार कौन?

यह घटना सिर्फ एक सड़क दुर्घटना तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़कों पर खुले में घूमने वाले गौवंशों की समस्या को भी उजागर करती है। दुर्घटना के बाद सवाल उठ रहा है कि आखिर इन बेजुबानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है। पशुपालकों द्वारा पशुओं को खुले में छोड़ना, सड़कों पर पर्याप्त व्यवस्था का अभाव और वाहन चालकों की लापरवाही—इन सभी पहलुओं पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

दूध निकालने के बाद सड़कों पर छोड़ दिए जाते हैं पशु

स्थानीय स्तर पर यह आरोप लंबे समय से सामने आता रहा है कि कुछ पशुपालक दूध देना बंद कर चुके पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं। दिन-रात सड़कों पर घूमते ये पशु कई बार वाहनों के सामने आ जाते हैं। खासकर रात के समय कम दृश्यता में दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। सड़कों पर घूमने वाले गौवंशों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए पर्याप्त आश्रय, नियमित पशु-पकड़ अभियान और घायल पशुओं के लिए त्वरित उपचार व्यवस्था जरूरी है। इसके साथ ही पशुपालकों को भी अपने पशुओं को लावारिस छोड़ने से रोकने के लिए जिम्मेदार बनाया जाना आवश्यक है।

राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुनीता का यादव समाज ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शिक्षा जगत को अपने उत्कृष्ट कार्यों से गौरवान्वित करने वाली तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की गौरव शिक्षिका सुनीता यादव को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर पूरे छत्तीसगढ़ में हर्ष का वातावरण है। 5 सितंबर 2026 को शिक्षक दिवस के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से सम्मानित होने तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से संवाद करने के बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समुदायों द्वारा उनका सम्मान किया जा रहा है। इसी क्रम में 20 सितंबर को यादव समाज के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों ने युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद राम यादव के नेतृत्व में शिक्षिका सुनीता यादव के निवास पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने पीपल एवं बरगद का पौधा, पुष्पगुच्छ, शाल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर झेरिया यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद राम यादव, धनेश यादव अध्यक्ष झेरिया यादव समाज परिक्षेत्र बिलाईगढ़ एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़, प्यारे लाल यादव जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रायपुर, फिरू यादव जिलाध्यक्ष झेरिया यादव समाज सारंगढ़-बिलाईगढ़, साद राम यादव उपाध्यक्ष सारंगढ़, सुनील यादव अध्यक्ष केंद्र अध्यक्ष तमनार, नीलाधर यादव नगर अध्यक्ष सारंगढ़, रामदयाल यादव जिला महामंत्री बलौदाबाजार, गिरिजाशंकर यादव रायगढ़ यादव झेरिया समाज, पद्मन यादव कुम्हारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

व्यापारियों को बांटे गए डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिरसनाला

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, घर-घर कचरा संग्रहण और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत गिरसा, विकासखंड बिलाईगढ़ में वृहद स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणों, स्वच्छता से जुड़े समूहों की महिलाओं तथा स्थानीय व्यापारियों ने सहभागिता निभाई और गांव को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों को डस्टबिन वितरित कर दुकानों तथा आसपास के क्षेत्रों में कचरा न फैलाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। ग्रामीणों को समझाया गया कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहकर घर, दुकान और सार्वजनिक स्थानों की नियमित जिम्मेदारी बने, तभी गांव में स्थायी रूप से स्वच्छ वातावरण तैयार किया जा सकता है। इस दौरान घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था के साथ कचरे का स्रोत स्तर पर ही पृथक्करण करने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों को सूखा कचरा, गीला कचरा, सैनिटरी वेस्ट तथा विशेष ध्यान देने योग्य अपशिष्ट को अलग-अलग रखने और निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उसके प्रबंधन में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने तथा कचरा संग्रहण दल को पृथक किया हुआ अपशिष्ट उपलब्ध कराने की अपील भी की गई।



कचरा पृथक्करण पर दिया गया विशेष जोर

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, ज्योति पटेल, जिला पंचायत सदस्य डॉ. दिनेश जांगड़े, कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीण नागरिक, स्वच्छता से जुड़े समूहों की महिलाएं और स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे। स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायत गिरसा में स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों एवं व्यापारियों से अपने घर, दुकान और गांव को स्वच्छ रखने के साथ स्वच्छता गतिविधियों में निरंतर सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया, ताकि स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके।

ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न लिखने से प्रभावित होगी परीक्षा : दुबे

भटगांव। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में कक्षा 1 से 8वीं तक की त्रैमासिक परीक्षाएं 21 सितंबर 2026 से प्रारंभ की गई है उपलब्ध परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं की परीक्षाएं 21 से 26 सितंबर तक निर्धारित है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रवेश दुबे ने विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षा के लिए मुद्रित प्रश्न पत्र उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए इसे छात्रों और शिक्षकों के हित में गंभीर समस्या बताया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का कहना है कि यदि परीक्षा के लिए निर्धारित प्रश्न पत्र विद्यालयों को समय पर उपलब्ध नहीं कराया जाते हैं तो कई स्कूलों में शिक्षकों को ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न पत्र लिखकर परीक्षा कराने जैसी वैकल्पिक व्यस्था करनी पड़ सकती है। इससे परीक्षा के निर्धारित समय का एक हिस्सा प्रश्न लिखने और उतारने में खर्च होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के लिए ब्लैक बोर्ड से प्रश्न उतरना अतिरिक्त कठिनाई पैदा कर सकता है वहीं एक ही शिक्षक को अलग अलग कक्षाओं के प्रश्न लिखने पढ़ने की स्थिति में परीक्षा संचालन और नियमित शैक्षणिक गतिविधिया भी प्रभावित हो सकती है। परीक्षा के लिए आवश्यक प्रश्न पत्र की व्यस्था समय पर होनी चाहिए एक तरफ शासन गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात करता है दूसरी तरफ परीक्षा के समय तक प्रश्न पत्र उपलब्ध नहीं होना चिंता का विषय है।



कलार समाज ने दिया विनोद को सामाजिक शिक्षा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा शिक्षा, सेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए एक गरिमामय एवं ऐतिहासिक सम्मान समारोह का आयोजन सत्य साईं हॉस्पिटल ऑडिटोरियम, रायपुर में किया गया। समारोह में प्रदेशभर से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित शिक्षकों को एक मंच पर सम्मानित कर उनके योगदान को नमन किया गया। सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि की आसंदी पर विराजमान थीं। जिनके शुभ कर कमलों से विनोद डडसेना को यह सम्मान मिला। विशिष्ट अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग अध्यक्ष राकेश पाण्डे, अशोक बजाज, अशोक सिन्हा, प्रमिला सिन्हा आसीन थे। छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा सहित समाज के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न इस समारोह में उन शिक्षकों का सम्मान किया गया, जो अपने ज्ञान, समर्पण और कर्मठता से समाज की नई पीढ़ी को गढ़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।



मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 855/RTO/26 दिनांक 10/09/2026
श्री हरि प्रसाद राठौर (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस लिमिटेड (Financio)** है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 10 बी.व्ही. 0942 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे । उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथेकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है। 2. आप फरार हो गए हैं।
उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन की स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।
तारीख.....
Registered Authorty Bilaspur(C.G)

न्यायालय तहसीलदार नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार
एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम भीखमपुर प.ह.न. 08 को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल चक्रवर्ती पिता देवप्रकाश चक्रवर्ती, जाति सतनामी निवासी ग्राम भीखमपुर तहसील नांदघाट जिला बेमेतरा द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक के द्वारा ग्राम भीखमपुर प.ह.न. 08 तहसील नांदघाट स्थित कृषि भूमि 273/3, 289/1, 218/2, 343, 453, 411/1, 411/2, 273/1, 471/1 रकबा 0.34, 0.62, 0.41, 0.31, 0.57, 1.72, 1.72, 0.40, 0.39 हे० भूमि के संबंध में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश बेमेतरा में प्रकरण दर्ज किया था। उक्त प्रकरण में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश द्वारा दिनांक 14.03.2026 को आदेश पारित किया गया कि ग्राम भीखमपुर स्थित कृषि भूमि ख०न० 343, 453 रकबा 0.31, 0.57 हे० भूमि को वाद/आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है। अतः प्रकरण क्रमांक 108 अ/2024 नेशनल लोक अदालत 14.03.2026 खण्डपीठ 07 बेमेतरा जिला बेमेतरा में पारित आदेश दिनांक 14.03.2026 के अनुसार अभिलेख दुरुस्ती किये जाने आवेदन पत्र, माननीय न्यायाधीश बेमेतरा के आदेश की छायाप्रति पेश किया है।
इस संबंध में जिस किसी को भी कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपना दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 23.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं।
उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 09.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 09.09.2026
पेशी दिनांक 23.09.2026
मुहर
तहसीलदार
नांदघाट जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

आमंत्रण
छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) के सौजन्य से
छत्तीसगढ़ कोसा एवं कॉटन हायकरघा वस्त्रों की
श्री गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर
वस्त्र प्रदर्शनी सह-विक्रय
दिनांक 18 सितम्बर से 24 सितम्बर 2026 तक
समय - सुबह: 11.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक
स्थान–विप्र वाटिका गार्डन चौक
बलौदाबाजार (छ.ग.)
छत्तीसगढ़ प्रदेश के बुनकरों द्वारा निर्मित आकर्षक कोसा एवं कॉटन वस्त्रों का संग्रह
महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा पुरस्कृत छत्तीसगढ़ प्रदेश के हाथकरघा कुशल बुनकरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट कलात्मक वस्त्रों का प्रदर्शन
★ उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़ियाँ
★ कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल
★ कोसा सलवार सूट, कोसा बाफ्ता
★ कोसा जॉकेट, कोसा शॉल
★ कॉटन साड़ियाँ, शर्टिंग, सलवार सूट
★ दुपट्टा, बेडशीट, पिलो कव्हर, रुमाल
★ लुंगी, टॉवेल, नेपकीन, गमछा इत्यादि
प्राकृतिक रंगों से निर्मित वस्त्र, मनमोहक रंगों एवं आकर्षक डिजाइनों में उपलब्ध है।
विशेष छूट 20%
प्रायोजक – छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग एवं ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा रायपुर (छ.ग.)
आयोजक – जिला हाथकरघा कार्यालय, बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

HEALTH TOWN
न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढियारी, रायपुर
एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• योन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा, देश-विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

लाइवलीहुड और आईटीआई कॉलेज में एचआईवी-एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले में महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा कुपोषण की रोकथाम के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता अभियान 9 सितम्बर से 8 अक्टूबर 2026 तक चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के लाइवलीहुड कॉलेज और आईटीआई कॉलेज सकरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत एचआईवी एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग से आईसीटीसी काउंसलर प्रीति कौशिक के द्वारा एचआईवी एड्स के कारण एवं उनसे बचने के उपाय की जानकारी प्रदान की गई साथ ही एचआईवी मुक्त समाज की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रीति नवरत्न ने विभागीय योजनाओं एवं महिला हेल्पलाइन नम्बर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर सुरक्षा 1930, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013, सखी वन सेंटर की जानकारी दी गई। पोषण माह कार्यक्रम परियोजना सिमगा अंतर्गत भाटापारा ग्रामीण में बड्डी कार्यक्रम का आयोजन,भाटापारा के अंतर्गत लावर-1, एवं समुदाय स्तर पर पोषण जागरूकता, सैम बच्चों का चिन्हांकन, वनज हाईट सत्यापन संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, स्तनपान, शिशु एवं स्थानीय एंव पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग तथा कुपोषण से बचाव संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही है।



आंगनबाड़ियों में कुपोषण मुक्ति अभियान तेज

विभिन्न परियोजनाओं में आधार शिविर

आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को ताजा एवं गरम पके भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता उपलब्ध कराए जा रहे। 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए गृहभेंट के माध्यम से अभिभावको को उचित पोषण, देखभाल एवं प्रारंभिक उद्दीपन की जानकारी दी जा रही है। वहीं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल-आधारित गतिविधियों एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एंव शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा बच्चों के उचित पोषण एवं देखभाल के लिए जागरूक की जा रही है।



खबर संक्षेप



राम नाम का संदेश समाज को एकता की राह दिखाता है : जायसवाल

भाटापारा। सोमवार को संत कंवर राम वार्ड भाटापारा में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की 529वीं जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। राम नाम मनिदीप धरु जीह देहरी द्वार। तुलसी भीतर बाहेरहुँ जौ चाहसि उजियार। जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि संत तुलसीदास जी का साहित्य एवं रामनाम का संदेश आज भी समाज को एकता, सदाचार एवं सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने नागरिकों से रामनाम का स्मरण कर अपने दैनिक जीवन में सत्य, सेवा एवं समर्पण को अपनाने का आह्वान किया।

मकेश्वर वार्ड में 23 को डीजे डांस

धमतरी। युवा ब्रिग्रेड गणेशोत्सव समिति मकेश्वर वार्ड एवं महंत घासीदास वार्ड द्वारा 23 सितंबर को डीजे डांस प्रतियोगिता शाम 7 बजे गोलबाजार मंगल भवन गली पशुपतिनाथ चौक में रखी गई है। ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार 5100 रुपए और द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपए दिया जाएगा। एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए और द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता पार्षद आशा लोधी करेंगी। विशिष्ट अतिथि महेन्द्र पंडित, हेमंत बंजारे, अखिलेश सोनकर, अजय देशलेहरे, संजय डागौर और कोमल सार्वा होंगे। अन्य अतिथि नन्दू ,शैलेन्द्र नाग, सूरज शर्मा, दौलत वाधवानी और धनंजय पटेल होंगे। निर्णायक शिव बघेल होंगे।1

निधन

तिरिथ राम वर्मा

बलौदाबाजार। ग्राम चांपा निवासी तिरिथ राम वर्मा (90) का निधन हो गया। सोमवार को उनके गृहग्राम चांपा में विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वो, कार्तिक राम वर्मा राज्यमंत्री छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, पलारी राज तथा पवन वर्मा, जनपद सदस्य, जनपद पंचायत बलौदाबाजार के पिता थे।



अध्यात्म पर विशेष परिचर्चा, राजयोग ध्यान से कराया आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव

सनातन संस्कृति का आधार है अध्यात्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा नेवरा सेवाकेंद्र स्थित ज्ञान ज्योति भवन में रविवार शाम 'सनातन संस्कृति का आधार : अध्यात्म' विषय पर विशेष परिचर्चा एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय माउंट आबू, राजस्थान से पधारे धार्मिक प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक ब्रह्माकुमार रामनाथ भाई मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में तिल्दा गुरुद्वारा प्रमुख भ्राता मोहन उदासी, छम्मनलाल, ब्रह्माकुमारीज़ के वरिष्ठ राजयोगी भ्राता जयेश एवं तिल्दा सेवाकेंद्र संचालिका बीके प्रियंका बहन मंचासीन रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम्भवी द्वारा गणेश वंदना पर प्रस्तुत सुंदर नृत्य से हुआ। इसके बाद अंजू सोनी बहन एवं बिंदु वर्मा बहन ने समूह गीत प्रस्तुत कर अतिथियों एवं उपस्थितजनों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमार रामनाथ भाई ने 'सनातन' शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि सनातन का अर्थ है जो सदा विद्यमान रहे और जिसका कभी विनाश न हो।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की मूल भावना आत्मिक चेतना से जुड़ी है। मनुष्य स्वयं को केवल शरीर न मानकर आत्मा के रूप में पहचानता है, जबकि शरीर आत्मा का माध्यम है।

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान का उल्लेख भारतीय संस्कृति के प्रमुख ग्रंथों में भी मिलता है। आत्मिक दृष्टिकोण अपनाने से जीवन में प्रेम, शांति, आनंद और शक्ति जैसे सकारात्मक गुण विकसित होते हैं। उन्होंने उपस्थितजनों से सनातन संस्कृति के आध्यात्मिक मूल्यों को समझने और उन्हें अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। तिल्दा सिंधी गुरुद्वारा प्रमुख भ्राता मोहन उदासी ने कहा कि गुरु-वाणी में भी आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया गया है। आध्यात्मिक ज्ञान से कुमति दूर होती है, संतुष्टि का भाव बढ़ता है और लोभ जैसे विकारों से मुक्ति की दिशा मिलती है। समाजसेवी भ्राता हीरानंद हरिरामानी ने कविता के माध्यम से अध्यात्म के महत्व को प्रस्तुत किया।



विभिन्न समाजों ने किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजों की ओर से ब्रह्माकुमार रामनाथ भाई का सम्मान किया गया। सिंधी समाज के कार्यकारणी अध्य मोती लाल हिंदुजा ,विजय वाधवानी ,मोहन भाई ने रामनाथ भाई , जयेश भाई एवं बीके प्रियंका बहन को शॉल एवं श्रीफल भेंट किया। जैन समाज की ओर से भ्राता सुदेश जैन, सौरभ जैन एवं पार्षद रानी जैन ने भी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बीके प्रियंका बहन ने राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया। ध्यान के माध्यम से उपस्थितजनों को सनातन संस्कृति की आध्यात्मिक यात्रा और आत्मिक शांति की अनुभूति कराई गई। राजयोग ध्यान के पश्चात ज्ञान ज्योति भवन का वातावरण शांत, सकारात्मक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण नजर आया।

जल संसाधन विभाग ने की जलाशयों व नहरों की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को सेवा मेरा योगदान अंतर्गत नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत बाजार क्षेत्र में नागरिकों एवं व्यापारियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग से बचने के लिए जनजागरूकता एवं जब्ती की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र में आम नागरिकों एवं दुकानदारों को कपड़े, पुनः उपयोग योग्य झोलों का उपयोग तथा खरीदारी के दौरान प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर पुनः उपयोग योग्य झोले का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बाजार बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। इसी तरह जल सांसधन विभाग द्वारा कसडोल संभाग के बलार जलाशय, टेमरी, बगबुड़ा व्यापवर्तन एवं नहरो की सफाई की गई। इसके साथ है गावों में जन चौपाल आयोजित कर जल संरक्षण, नदी तालाबों की साफ़-सफाई के प्रति लोगों को जागरू किया गया।



डॉ. खूबचंद बघेल चौक परिसर में रोपे गए 45 पौधे



भाटापारा। डॉक्टर खूबचंद बघेल चौक परिसर में पौधारोपण किया गया। करंज, गुलमोहर, शिरीष,कटहल, नीम, कचनार, अशोक, जामुन, करौंदा, कुल 45 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर हितेंद्र वर्मा, परमेश्वर नायक , ज्योतिष वर्मा, यू आर वर्मा, डॉक्टर खूबचंद बघेल सेवा समिति के संयोजक सेवाराम वर्मा, सचिव रमेश कुमार वर्मा के, हेमलाल वर्मा का सहयोग रहा।

गणेश पंडाल में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहर के गौरव पथ स्थित छत्रपति शिवाजी गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश उत्सव के अवसर पर आकर्षक गणेश पंडाल सजाया गया है। समिति ने इस वर्ष धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक एवं जनजागरूकता से जुड़ी पहल भी शुरू की है। पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में गणेश दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं और हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दर्ज करा रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गौ संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इस पहल से जोड़ना है। गणेश पंडाल में आने वाले श्रद्धालुओं को अभियान की जानकारी दी जा रही है, जिसके बाद लोग स्वेच्छा से हस्ताक्षर कर रहे हैं। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा इस अभियान में सहभागिता कर रहे हैं।



मांसाहार से दूर रहने की भी अपील

गणेश उत्सव समिति द्वारा पंडाल परिसर में विभिन्न जागरूकता संदेशों वाले पोस्टर भी लगाए गए हैं। इनमें श्रद्धालुओं से मांसाहार से दूर रहने तथा सात्विक जीवनशैली अपनाने की अपील की गई है। पोस्टरों के माध्यम से धार्मिक आस्था, गौ संरक्षण और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया है। गणेश पंडाल में दर्शन के साथ हस्ताक्षर अभियान में शामिल होने का अवसर मिलने से श्रद्धालुओं में भी उत्साह नजर आ रहा है। कई लोग समिति की इस पहल की सराहना करते हुए इसे धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक जागरूकता को जोड़ने वाला प्रयास बता रहे हैं। समिति के सदस्यों का कहना है कि गणेश उत्सव केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित न रहकर समाज को सकारात्मक संदेश देने का माध्यम भी बने, इसी उद्देश्य से इस तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। हस्ताक्षर अभियान में लगातार लोगों की सहभागिता बढ़ रही है।

सिंघारी व आसपास के गांवों में सूखे की आशंका, तेज धूप से खेत पड़े बंजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

बलोदा बाजार जिले में तेज धूप गर्मी के चलते बोए गए धान की फसल को पानी की सख्त जरूरत पड़ने लगे हैं और सभी खेत सूख चुका है जिसे देखते हुए ग्राम सिंघारी भालूकोना चितावर परसापाली डोगरडीह के कृषक नहर से पानी की मांग कर रहे हैं। वहीं सिंघारी के सरपंच विशवा पटेल, उपसरपंच रामप्यारे पटेल, हरिश्चंद्र, भुवनेश्वर, सत्यनारायण, पतीराम, तुलाराम बरातु, संतोष होम सिंह, गुलशन, पप्पू, तहसील, रामनाथ, गजानन, डोंगरीडीह के सरपंच पंकज धतलहरे सेवक अश्वनी भारद्वाज सेवक कुर्रे ग्राम परसा पाली के सरपंच भुवनेश्वरी यादव, उप सरपंच योगेश भारद्वाज, नारायण दास मानिकपुरी, तुलाराम वर्मा, रवि नारायण, वर्मा तेजू वर्मा, लल्ला वर्मा, ग्राम चितावर से राम प्रसाद वर्मा सुनील वर्मा तुलाराम सहित क्षेत्र के कीसान नहर में पानी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।



जिले के वार्ड 2 और 3 में चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को नगर के वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व नगर पालिका मे नियुक्त विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर सेन ने किया।

अभियान के दौरान वार्डों की नालियों की सफाई कर निकले कचरे को कचरा वाहनों में डाला गया। इसके अलावा बीआरसी कार्यालय एवं बीईओ कार्यालय के आसपास एकत्र कचरे का भी उठाव कर क्षेत्र की सफाई की गई।



अभियान के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक भी किया गया।

इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, पार्षद रेखा पटेल, पार्षद प्रतिनिधि पोषण पटेल सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



समूह गान में जूनियर टीम ने प्रथम, सीनियर टीम ने पाया द्वितीय स्थान

छात्रों ने अणुव्रत कॉन्टेस्ट में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट-2026 के राज्य स्तरीय आयोजन में अंबुजा विद्यापीठ, रवान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधाओं में कई पुरस्कार हासिल किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। जूनियर वर्ग के समूह गान में कक्षा आठवीं के अरज गुप्ता, गीतिका साहू, नाम्या वैद्य, कपिल दास और वंश साहू की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग के समूह गान में विद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।



निबंध लेखन के सीनियर वर्ग में शिवी बिजौरा और जूनियर वर्ग में पलक विश्नोई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आरना वर्मा ने प्रथम तथा सीनियर वर्ग में जसलीन कौर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। चित्रकला के जूनियर वर्ग में कौस्तुभ साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं काव्य पाठ के जूनियर वर्ग में अनय शर्मा ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति से द्वितीय स्थान हासिल किया।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता मिली है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

